This question paper contains **3** printed pages]

# F—256—2017

## FACULTY OF ARTS AND FINE ARTS

## M.A. (First Semester) EXAMINATION

## MARCH/APRIL, 2017

HINDI

Paper IV

(स्त्रीवादी विमर्श एवं साहित्य : भाग 1)

**(Thursday, 27-4-2017)** **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

*Time—Three Hours* *Maximum Marks*—75

*N.B.* :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) '........वही बना रहे तो किस लिए यह रक्षा के तंबू ? ....... किस लिए पहरेदारों के लिए विज्ञापन ........ किस लिए पात्र-कुपात्र के कंधों पर लदकर दुनिया देखने की लाचारी। इस तरह जो मिलेगा उससे क्या सधेगा ? किस बात से रक्षा होगी ? कभी कहीं शील के खंडित हो जाने की संभावना से ............ ?' 10

**अथवा**

'पूछना चाहती है ........ चाहती रही है ........ चाहती रहेगी भीतर शोर क्यों है ...... क्यों भीतर को रोशनी की इजाजत नहीं, पर पूछने और चाहने के बीच का फासला-अमाप।'

(ब) 'कब आया यौवन, जान न पाया मन। शिकंजे में जकड़ा जीवन कभी मुक्त भाव का अनुभव ही नहीं कर पाया। जिंदगी एक निश्चित की गई लीक पर चलती रही। वह उमंग कभी मिली ही नहीं जो यौवन का एहसास कराता।' 10

**अथवा**

'इस दायरे को तोड़ना और जातिगत रोजगार छोड़ना हमारा उद्देश्य है। इसी से समाज व्यवस्था में परिवर्तन होगा। हम मानव हैं, मानव के रूप में हमारी पहचान हो, यह दलित आंदोलन का लक्ष्य है।'

P.T.O.

5DD6EB3606A5CAD945C75FA3BE22C91B

2. स्त्री-विमर्श की अवधारणा पर प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

'स्त्री दलितों में दलित है' इस कथन के आधार पर स्त्री-विमर्श की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

3. 'राजी सेठ की नायिका आंतरिक संघर्ष के बावजूद निर्णय की क्षमता रखती है' 'तत् सम' के आधार पर इस कथन की चर्चा कीजिए। 15

**अथवा**

राजी सेठ के 'तत् सम' उपन्यास की कथावस्तु का मूल्यांकन कीजिए।

4. 'पुरुष प्रधान समाज के विरुद्ध स्त्री-पुरुष समानता का निर्माण ही सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' का लक्ष्य है।' उक्त कथन को साधार स्पष्ट कीजिए। 15

**अथवा**

'शिकंजे का दर्द' के शिल्प विधान पर निबंध लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

(*i*) तस्लीमा नसरीन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(*ii*) पद्मा सचदेव की साहित्यिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) काल विशेष में प्रभा खेतान का स्थान निर्धारित कीजिए।

(*iv*) मृदुला गर्ग का जीवन परिचय दीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक-एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : 5

(*i*) 'छिन्नमस्ता' किस विधा की रचना है ?

(*ii*) 'चितकोबरा' के रचनाकार कौन हैं ?

(*iii*) पद्मा सचदेव किस भाषा की कवियित्री हैं ?

(*iv*) तस्लीमा नसरीन के किस उपन्यास पर फिल्म का निर्माण हुआ ?

(*v*) कात्यायनी की जन्म तिथि क्या है ?

5DD6EB3606A5CAD945C75FA3BE22C91B

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'नवभारत टाइम्स' की संपादिका ............... रही हैं।

(*ii*) तस्लीमा नसरीन का जन्म ............... तिथि को हुआ।

(*iii*) 'इन बिन' के रचनाकार ............... हैं।

(*iv*) मृदुला गर्ग की छोटी बहन का नाम ............... है।

(*v*) 'अन्या से अनन्या' ............... विधा की रचना है।



5DD6EB3606A5CAD945C75FA3BE22C91B